# रेड रिबन क्लब

## प्रतिवेदन

**2025-26**




राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय,उदयपुर,राजस्थान

सहयोग

राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी निदेशालय,

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जयपुर,राजस्थान

# <u>प्रतिवेदन</u>

## <u>सत्र 2025-26</u>

सहयोग

राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर, राजस्थान

इस सत्र में सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी के निर्देशन में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया जिसमें निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित किए गए-

1. डॉ. रेहाना परवीन - प्रभारी
2. डॉ. शीबा हैदर - सह प्रभारी,
3. डॉ. रितु परमार - सदस्य
4. सुश्री पायल वडाला - सदस्य

सत्र 2025-26 में कई विशिष्ट तथा रोचक गतिविधियां आयोजित करवाई गई। जिसमें राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एड्स के प्रति जागरूक बनाना तथा राष्ट्र को एड्स मुक्त करने का था। इस हेतु महाविद्यालय स्तर पर रेड रिबन क्लब की 04 इकाईयों में प्रति इकाई 50 तथा कुल 200 छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया।सत्र पर्यंत कई नवीन रोचक प्रतियोगिताएं महाविद्यालय तथा राज्य स्तर पर आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।



# रेड रिबन क्लब

**सत्र 2025-26**

| क्रम संख्या | गतिविधियां | दिनांक | गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | एड्स लोगों मैकिंग ऑन राखी प्रतियोगिता | 02-08-2025 | 17 |
| 2. | रेड रन मैराथन प्रतियोगिता ,मैराथन 5 किलोमीटर (राज्य स्तरीय) | 10-09-2025 | 55 |
| 3. | चार्ट मैकिंग प्रतियोगिता "एड्स जागरूक भारतीय युवा विषय पर" | 13-10-2025 | 13 |
| 4. | क्विज़ प्रतियोगिता "एड्स जागरूक भारतीय युवा विषय पर" | 13-10-2025 | 19 |
| 5. | भाषण प्रतियोगिता "विषय एड्स जागरूकता में युवाओं की भूमिका पर" | 13-10-2025 | 06 |
| 6. | निबंध प्रतियोगिता "विषय एड्स जागरूकता में युवाओं की भूमिका पर" | 21-11-2025 | 08 |
| 7. | रंगोली प्रतियोगिता | 21-11-2025 | 16 |
| 8 . | मानव श्रृंखला | 01-12-2025 | 72 |
| 9. | एड्स मानव लोगो | 01-12-2025 | 23 |
| 10. | नुक्कड़ नाटक | 01-12-2025 | 10 |
| 11. | एड्स जागरूकता रैली | 01-12-2025 | 72 |
| 12. | पुरस्कार वितरण | 01-12-2025 | 150 |

रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में वर्ष पर्यंत एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु कई रोचक तथा सारगर्भित गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन करने हेतु प्रति इकाई 50 तथा कुल 200 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। सर्वप्रथम दिनांक 02/08/2025 को महाविद्यालय में 'एड्स लोगो मेकिंग ऑन राखी' विषय पर रोचक प्रतियोगिता रखी गई जिसमें छात्राओं ने अनूठी एवं रचनात्मक राखियां बनाकर अत्यंत उत्साह से भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान अरीशा चिश्ती, द्वितीय स्थान बुशरा खान तथा मानवी औदिच्य,तृतीय स्थान कोमल कुमारी तथा चतुर्थ स्थान रिदा खान ने प्राप्त किया।पुरस्कृत हुई छात्राओं को प्राचार्य महोदय डॉक्टर दीपक माहेश्वरी ने पुरस्कार तथा सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया।

## "एड्स लोगो मेकिंग ऑन राखी"




राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स लोगो पर राखी बनाने की प्रत्योगीता
AIDS
WORLD AIDS DAY
AIDS AWARENESS
RED RIBBON RAKHI
Happy Raksha Bandhan
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
रेड रिबन क्लब
सौजन्य- राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर


राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
रेड रिबन क्लब की ओर से एड्स लोगो पर राखी बनाने की प्रतियोगिता
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
रेड रिबन क्लब
सौजन्य- राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर
AIDS


राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
AIDS
WORLD AIDS DAY
रेड रिबन क्लब की ओर से एड्स लोगो पर राखी बनाने की प्रतियोगिता


राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स लोगो पर राखी बनाने की प्रत्योगीता
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
रैड रिबन क्लब
सौजन्य- राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर

दिनांक 10/09/2025 को उदयपुर के फतेहसागर पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर,राजस्थान द्वारा राज्य स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मैराथन का आयोजन एड्स महामारी के प्रति आमजन, युवाओं एवं उदयपुर के नागरिकों को सचेत करने के पावन उद्देश्य से किया गया। यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। इसमें राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की 55 छात्राओं ने भाग लिया तथा महाविद्यालय की छात्रा खुशी माली ने इस 5 किलोमीटर मैराथन में तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया।यह आयोजन महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसाइटी की असिस्टेंट डायरेक्टर डॉक्टर गरिमा भाटी के सहयोग से समस्त छात्राओं को एड्स लोगों वाले टी-शर्ट वितरण किए गए।




RED RUN
106
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
रेड रिबन क्लब
"रेड रन" मैराथन प्रतियोगिता 10/09/2025
सौजन्य :- राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर


RED RUN

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में दिनांक 13/10/2025 को रेड रिबन क्लब की सदस्य सुश्री पायल बडाला के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा चार्ट/ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## <u>भाषण / क्विज़ प्रतियोगिता</u>



# पोस्टर / चार्ट प्रतियोगिता



# पोस्टर / चार्ट प्रतियोगिता



राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी एड्स जागरूकता विषय पर रंगोली तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की आयोजक सह-प्रभारी डॉक्टर शीबा हैदर थी, छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपनी कला ,रचनात्मकता, ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को एड्स के बारे में शिक्षित करने और भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। विजेताओं में निबंध प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान सैयद तस्मिया अली,द्वितीय स्थान साक्षी राजपुरोहित तथा तृतीय स्थान सोफिया डायर ने प्राप्त किया तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनल भगोरा, सारा आलम शाह द्वितीय स्थान तनुजा, कुमारी, वीणा कटरा तथा तृतीय स्थान हवी गोस्वामी, सांची जैन, रिदा खान सादिया बानो ने प्राप्त किया।निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर मनीषा चौबीसा, डॉ सोफिया नलवाया एवं डॉ कैलाश चंद्र नागर ने निभाई।कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर दीपक माहेश्वरी के निर्देशन तथा रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर रेहाना परवीन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने अत्यंत उत्साह पूर्वक अपना संदेश युवा छात्राओं को रंगोली तथा निबंध के माध्यम से पहुंचाया।

## निबंध प्रतियोगिता



# <u>रंगोली प्रतियोगिता</u>






# रंगोली प्रतियोगिता


राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
रेड रिबन क्लब द्वारा रंगोली
प्रतियोगिता आयोजित की गई
HIV AIDS
KNOW
TALK
TEST
SPREAD AWARENESS, NOT IGNORANCE
DEC 1
WORLD AIDS DAY
PREVENTION
CAUSES
AIDS
TAKE RIGHT PATH
TEST
HIV
OPEN YOUR EYES BEFORE AIDS CLOSE THEM
ROCK the RIBBON

मीरा कन्या की छात्राओं ने एड्स जागरूकता हेतु फतेहसागर पर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन। एड्स के प्रति आमजन तथा सैलानियों में गहन जागरूकता फैलाने के अभियान के तहत मीरा कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने फतहसागर की पाल पर एड्स जागरूकता ,बचाव, तथा भ्रांतियां, विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। जिसे उदयपुर के नागरिकों तथा आगंतुकों, सैलानियों ने रुचि पूर्वक देखा नाटक महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने किया इस नाटक के मंचन में 10 छात्राओं ने भाग लिया और अत्यंत रोचक तरीके से प्रस्तुति की ।इस प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा ।नाटक का निर्देशन तथा आयोजन रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर रेहाना परवीन ने किया तथा इस आयोजन का नेतृत्व प्राचार्य डॉक्टर  दीपक माहेश्वरी ने किया।





उदयपुर। मीरा गर्ल्स कॉलेज, उदयपुर में आज दिनांक 01/12/2025 को 'अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस' के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत एड्स जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक,मानव लोगो तथा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया।एड्स जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से छात्राओं ने समाज में एचआईवी/एड्स से जुड़े भ्रमों को दूर करने तथा सुरक्षित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताते हुए भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने की बात कही।उन्होंने विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब प्रभारी रेहाना परवीन, समिति सदस्य डॉ. शीबा हैदर, पायल बडाला तथा डॉ. कैलाश चन्द्र नागर भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सुचारू संचालन डॉ. स्नेहा बाबेल ने किया। सभी गतिविधियों में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## एड्स मानव लोगो



# मानव श्रृंखला



# एड्स जागरूकता रैली


HIV AIDS
RED RUN
326


राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
रेड रिबन क्लब
सौजन्य- राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर
GPS Map Camera

# नुक्कड़ नाटक






# पुरस्कार वितरण

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर में दिनांक 01/12/2025 को अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबिन क्लब ने सत्र पर्यन्त होने वाली गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओ की विजेता छात्राओं को प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी के द्वारा पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब प्रभारी रेहाना परवीन, समिति सदस्य डॉ. शीबा हैदर, पायल बडाला उपस्थित रहे।











प्रेस न्यूज़

# राखियों के जरिए छात्राओं ने दिया एड्स जागरूकता का संदेश




उदयपुर @ पत्रिका. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में एड्स जागरूकता के लिए प्रतियोगिता हुई, इसमें छात्राओं ने जागरूकता का संदेश देने वाली अनूठी राखियां बनाई। प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी की अध्यक्षता तथा प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन के निर्देशन में एड्स लोगो मेकिंग ऑन राखी प्रतियोगिता हुई, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अरीशा चिश्ती ने पहला, बुशरा खान तथा मानवी औदिच्य ने संयुक्त रूप से दूसरा तथा कोमल कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। रिदा खान चौथे नंबर पर रही।

समाज में शिक्षा का महत्व बढ़ाया गया। में क्लब की सभी सदस्य

# एड्स जागरूकता के लिए युवाओं ने लगाई दौड़, रेड मैराथन में 530 प्रतिभागी शामिल

उदयपुर | सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब और राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन का आयोजन हुआ।

50 से अधिक कॉलेजों के 530 छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। महाकालेश्वर मंदिर से फतहसागर पाल तक दौड़ आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रो. नवीन नंदवाना ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ दौड़ नहीं, एक सामाजिक संदेश है। प्रतियोगिता परिणामों में छात्र वर्ग में लोकेश चौधरी ने प्रथम, आशीष ने द्वितीय और दर्शन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा वर्ग में पूजा मीणा प्रथम, अंजली सैनी द्वितीय और खुशी माली तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मौका मिलेगा।

## मीरा गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने मैराथन से दिया जागरूकता का संदेश




**उदयपुर.** राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में फतहसागर पर आयोजित रेड रन मैराथन में मीरा कन्या महाविद्यालय की 55 छात्राओं ने दौड़ लगाई। मैराथन एड्स महामारी के प्रति युवाओं तथा आम जन को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। पत्रिका

## एड्स जागरूकता हेतु रेड रन मैराथन में दौड़े प्रदेश के युवा



उदयपुर ( वि. )। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता (मैराथन) का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों के 50 से अधिक महाविद्यालयों के लगभग 530 प्रतिभागियों ने उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक एवं मानविकी महाविद्यालय के सह-अधिष्ठाता प्रो. नवीन नंदवाना ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मैराथन केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी है। यह उन असाध्य रोगों से पीड़ित लोगों की आवाज है जिन्हें समाज के सहयोग और सहानुभूति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही एड्स जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाई जा सकती है और रक्तदान जैसे मानवीय कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस अवसर पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रदीप चौधरी एवं संयुक्त निदेशक (युवा एवं खेल मामलात) डॉ. गरिमा भाटी भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में सामाजिक चेतना, स्वास्थ्य जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित करते हैं। रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ. पी. एस. राजपूत ने बताया कि मैराथन का मार्ग महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर रानी रोड होते हुए फतहसागर पाल पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के नवीन छापरवाल, जितेन्द्र सुहालका, अनुज यादव, जितेन्द्र मेघवाल, श्रवण श्रीमाली, महेंद्र पटेल, रविरंजय, नारायण सालवी, दिनेश गुर्जर एवं कई छात्र उपस्थित रहे।

# खुशी माली का राष्ट्रीय स्तर की मैराथन में चयन



उदयपुर ( वि. )। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की छात्रा खुशी माली का चयन 30 अक्टूबर को नागालैंड में एड्स जागरूकता हेतु होने वाली राष्ट्रीय स्तर की 10 किलोमीटर मैराथन में हुआ है। प्राचार्य डॉक्टर दीपक माहेश्वरी ने यह जानकारी दी।

ज्योति
र 2025
सफलता, निष्पक्ष और विश्वसनीयता के 89
आपके लिए, आपके साथ
dainiknavajyoti.com

# रेड रन मैराथन में दिया एड्स जागरूकता का संदेश



**ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के साझे में राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन आयोजित हुई। इसमें प्रदेशभर के विभिन्न जिलों के 50 से अधिक महाविद्यालयों के लगभग 530 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि, आर्ट्स कॉलेज के सह-अधिष्ठाता प्रो नवीन नंदवाना ने कहा कि यह मैराथन केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी है। यह उन असाध्य रोगों से पीड़ित लोगों की आवाज है जिन्हें समाज के सहयोग और सहानुभूति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही एड्स जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाई जा सकती है और रक्तदान जैसे मानवीय कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस अवसर पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रदीप चौधरी एवं युवा व खेल मामलात संयुक्त निदेशक डॉ. गरिमा भाटी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में सामाजिक चेतना, स्वास्थ्य जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित करते हैं। रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ. पीएस राजपूत ने बताया कि मैराथन महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर रानी रोड होते हुए फतहसागर पाल पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को एड्स एवं संक्रामक रोगों के प्रति जागरूक करना, रक्तदान और सामाजिक सरोकारों को प्रोत्साहित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

## उल्लेखनीय सेवाओं के लिए शिक्षक-

निम्नलिखित क
निविदा सं. स
मेजरमेंट यूनिट (
रखरखाव, जिसमें
की तिथि 08–10–
निविदा की अ
http://spp
https://energy.

कार्यालय पंचायत समिति
कमांक - पं.स.रे. / लेखा/2025-26/2055
ई-निवि
पंचायत समिति रेलमगरा के अधीनस्थ ग्राम पंच
हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के तहत पं
विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर नि
श्रेणी के संवेदकों से इस कार्यालय के निविदा सूचन
निविदाएं दिनांक 23.09.2025 तक आमंत्रित की
उक्त निविदा सूचना का ग्राम पंचायतवार वि
www.eproc.rajasthangov.in पर देखी एवं डाउन
UBN-ZRR2526WSOB00593 to 0594
(आदित्य प्रताप सिंह चौहान)
प्रधान
पंचायत समिति रेलमगरा

कार्यालय ग्राम पंचायत बावलास, पंच
क्रमांक / ग्रा.प./2025-26/SPL-1
निवि
ग्राम पंचायत बावलास में

# मीरा कन्या कॉलेज में एड्स जागरूकता पर प्रतियोगिताएं




उदयपुर| राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की ओर से एचआईवी/एड्स जागरूकता विषय पर चार्ट मेकिंग, क्विज और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन सोमवार को किया गया।

छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, ज्ञान व वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। विजेताओं में चार्ट मेकिंग में निया, रिया, पिया, क्विज में दिया, सिया, चिया तथा भाषण प्रतियोगिता में किनल, चिनल, पीनल क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। डॉ. इंदु अरोड़ा, डॉ. सपना और डॉ. वंदना ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी के निर्देशन में, रेड रिबन प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन के मार्गदर्शन और डॉ. पायल बडाला के संचालन में संपन्न हुआ।

# एमजी कॉलेज की छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



उदयपुर। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मी बाई प्रशिक्षण केंद्र के तहत चल रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हुआ।

केंद्र की संयोजिका मनीषा चौबीसा ने बताया कि प्रशिक्षण के दूसरे चरण में लेडी पेट्रोलिंग टीम की सदस्याओं भावना, लक्ष्मी, धर्मा ने 43 छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। समन्वयन डॉ सोफिया नलवाया ने किया। संचालन डॉ वैशाली देवपुरा और डॉ ऋतु दुबे ने किया। अंत में सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए गए।

**एड्स जागरूकता पर रचनात्मक प्रतियोगिताएं:** राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी एड्स जागरूकता विषय पर आयोजित रंगोली तथा निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला ,रचनात्मकता, ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन किया। निबंध में प्रथम सैयद तस्मिया अली,द्वितीय साक्षी राजपुरोहित, तृतीय सोफिया डायर, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम सोनल भगोरा, सारा आलम शाह, द्वितीय तनुजा कुमारी, वीणा कटारा तथा तृतीय हवी गोस्वामी, सांची जैन, रिदा खान, सादिया बानो रही।

SUNDAY 06

patrika.com

# एड्स जागरूकता पर प्रतियोगिताएं



उदयपुर@पत्रिका. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में शनिवार को एचआइवी एड्स जागरूकता विषयक रंगोली तथा निबंध प्रतियोगिताएं हुई। सह-प्रभारी डॉ. शीबा हैदर ने बताया कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को एड्स के बारे में शिक्षित करने और भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सैय्रद तस्मिया अली, द्वितीय साक्षी राजपुरोहित तथा तृतीय सोफिया डायर रही। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में सोनल भगोरा, सारा आलम शाह प्रथम, तनुजा, कुमारी, वीणा कटरा द्वितीय तथा हवी गोस्वामी, सांची जैन, रिदा खान सादिया बानो तृतीय रही। इस दौरान प्रो. मनीषा चौबीसा, डॉ. सोफिया नलवाया, डॉ. कैलाशचंद्र नागर, प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन आदि मौजूद थे।

# फतहसागर पर नुक्कड़ नाटक का मंचन

उदयपुर। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने मंगलवार को एड्स जागरूकता के लिए फतहसागर पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से एड्स से बचाव तथा भ्रांतियों को लेकर जागरूक किया। नाटक का निर्देशन रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर रेहाना परवीन ने किया।



**चरित्र निर्माण एवं शिक्षा पर व्याख्यानः इधर** राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की साहित्यिक समिति के तत्वावधान में चरित्र निर्माण एवं शिक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ।

मुख्य वक्ता सुविवि कुलगुरु भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि वर्तमान समय में पाठ्यक्रम में महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महापुरुषों की जीवनी के माध्यम चरित्र निर्माण संभव है। प्राचार्य प्रोफेसर दीपक माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सकारात्मक विचारों को पोषण देने पर सकारात्मक ऊर्जा का सृजन होता है जो कि चरित्र निर्माण में सहायक है। साहित्यिक समिति प्रभारी प्रोफेसर शिवे शर्मा ने बताया कि कुलगुरु ने वन्य जीव संरक्षण सप्ताह में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों सीमा नागदा, नफीसा कुराबड़, मीनल यादव, आरती मिश्रा, डिंपल राव, किरण गरासिया एवं कविता लोहार को पुरस्कृत किया। संचालन डॉ श्रुति टंडन ने किया।

### एमजी कॉलेज : विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

# एड्स से जुड़े भ्रमों को दूर करने, सुरक्षित जीवन शैली अपनाने का दिया संदेश




एमजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

उदयपुर। मीरा गर्ल्स कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन सोमवार को आयोजित हुए। इसके तहत एड्स जागरूकता रैली; नुक्कड़ नाटक, मानव लोगो तथा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। एड्स जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से छात्राओं ने समाज में एचआईवी/एड्स से जुड़े भ्रमों को दूर करने तथा सुरक्षित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी थे। उन्होंने विजेता छात्राओं को पुरस्कार दिए। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब प्रभारी रेहाना परवीन, समिति सदस्य डॉ. शीबा हैदर, पायल बडाला तथा डॉ. कैलाशचंद्र नागर उपस्थित रहे। संचालन डॉ. स्नेहा बाबेल ने किया।

इधर, सूक्ष्म कलाकृति कलाकार डॉ. चंद्र प्रकाश चित्तौड़ा ने एड्स दिवस पर आमजन को एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए तीन अलग-अलग आकृतियां बनाई है। इनमें लाल मोती पिरोकर, चॉक को काटकर व 1.5 इंच की सूक्ष्म पुस्तिका शामिल हैं। चित्तौड़ा अपनी कलाकृतियों से लोगों में विभिन्न विषयों पर जागरूकता फैलाने में अग्रणी रहते है।

# विश्व एड्स दिवस पर नुक्कड़ नाटक से किया सजग




**नवज्योति, उदयपुर।** मीरा गर्ल्स कॉलेज में एड्स जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक तथा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। एड्स जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से छात्राओं ने समाज में एड्स से जुड़े भ्रमों को दूर करने तथा सुरक्षित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताते हुए भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने की बात कही। उन्होंने विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# मीरा गर्ल्स कॉलेज



**मीरा गर्ल्स** कॉलेज में जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, मानव लोगो तथा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं ने समाज में एचआइवी से जुड़े भ्रमों को दूर करने तथा सुरक्षित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताते हुए भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब प्रभारी रेहाना परवीन, समिति सदस्य डॉ. शीबा हैदर, पायल बडाला, डॉ. कैलाश चन्द्र नागर आदि मौजूद थे।

# जिओ-टेग फोटोग्राफ्स



प्रतियोगिता
कुलपति
GPS Map Camera
Udaipur,Rajasthan,India
Rani Road, Dewali, Udaipur, Rajasthan 313001, India
Lat 24.607315, Long 73.678067
09/10/2025 07:10 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera




राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय,उदयपुर
रेड रिबन क्लब
सौजन्य- राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,जयपुर
GPS Map Camera
Udaipur, Rajasthan, India
118, Sajjangarh Rd, आजाद नगर, Eklavya Colony, Udaipur, Rajasthan 313001, India
Lat 24.585204° Long 73.655612°
Saturday, 22/11/2025 12:44 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Udaipur, Rajasthan, India
118, Sajjangarh Rd, आजाद नगर, Eklavya Colony,
Udaipur, Rajasthan 313001, India
Lat 24.585204° Long 73.655612°
Saturday, 22/11/2025 01:39 PM GMT +05:30


उर्दू विभाग
GPS Map Camera
Google
Udaipur, Rajasthan, India
118, Sajjangarh Rd, आजाद नगर, Eklavya Colony,
Udaipur, Rajasthan 313001, India
Lat 24.585204° Long 73.655612°
Saturday, 22/11/2025 12:44 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Udaipur, Rajasthan, India
Jm3h+7mp, Fateh Sagar Lake, Udaipur, Rajasthan 313004, India
Lat 24.603749° Long 73.679104°
Tuesday, 25/11/2025 11:59 AM GMT +05:30


रैड रिबन क्लब
सौजन्य- राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी
GPS Map Camera
Google
Udaipur, Rajasthan, India
Jm3h+7mp, Fateh Sagar Lake, Udaipur, Rajasthan 313004, India
Lat 24.603745° Long 73.679132°
Tuesday, 25/11/2025 12:11 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Udaipur, Rajasthan, India
Near, Chetak Circle, Madhuban, Udaipur,
Rajasthan 313004, India
Lat 24.593696° Long 73.694327°
Friday, 28/11/2025 12:45 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Udaipur, Rajasthan, India
Hmwv+2rx, Meera Marg, Opposite Hotel Meera,
Madhuban, Udaipur, Rajasthan 313004, India
Lat 24.595378° Long 73.694795°
Monday, 01/12/2025 11:18 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Udaipur, Rajasthan, India
Hmwv+2rx, Meera Marg, Opposite Hotel Meera,
Madhuban, Udaipur, Rajasthan 313004, India
Lat 24.5953° Long 73.694101°
Monday, 01/12/2025 12:39 PM GMT +05:30
Google

धन्यवाद